## न्यूज डायरी



### अमेरिका के साथ बढ़ी तल्खी, चीन को मनाने जा रहे इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने चीन दौरे से ठीक पहले सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और आईएसआई चीफ के साथ अहम बैठक की है। वैसे तो इमरान खान का यह चौथा चीन दौरा है लेकिन इसे काफी अहम माना जा रहा है। खबरों के मुताबिक इमरान खान सरकार और अमेरिका के बाइडन प्रशासन के बीच तल्खी बढ़ गई है। ऐसे में पाकिस्तान को अब चीन का ही सहारा बचा है। इमरान खान चीन को मनाने के लिए अब विंटर ओलंपिक के बहाने बीजिंग जा रहे हैं जो सीपीईसी में देरी से भड़का हुआ है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी नेता चीन–पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर प्रॉजेक्ट में देरी या उनमें कोई प्रगति नहीं होने से भड़के हुए हैं। उधर, इमरान के राज में अमेरिका–पाकिस्तान के रिश्ते रसातल में पहुंच गए हैं।

### आईएसआई से जुड़ी संस्था के कार्यक्रम में हामिद अंसारी के विवादित बोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का एक और बयान विवादों में आ गया है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़ी संस्था के एक कार्यक्रम में हामिद अंसारी ने भारत के लोकतंत्र की आलोचना की और चेतावनी दी है कि देश अपने संवैधानिक मूल्यों से दूर जा रहा है। हामिद अंसारी ने गणतंत्र दिवस पर इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल की ओर से आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में यह विवादित बयान दिया। उन्होंने हिंदू राष्ट्रवाद के उभार को लेकर चिंता जताई। हामिद अंसारी ने कहा, हाल के वर्षों में हमने ऐसे ट्रेंड्स का उभार और वैसे व्यवहार देखे हैं जो पहले से स्थापित नागरिक राष्ट्रवाद के खिलाफ हैं और ये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की काल्पनिक व्यवस्था को लागू करते हैं। अंसारी ने यह भी दावा किया, यह वर्तमान चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में पेश करते हैं और राजनीतिक शक्ति पर एकाधिकार करना चाहते हैं।

### रूस में कोरोना मामलों ने लगातार सातवें दिन तोड़ा रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूस के दैनिक कोविड–19 मामलों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 88 हजार 816 हो गई है। लगातार सातवें दिन रूस में रिकाड तोड़ मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि नए क्षेत्रों में ओमिक्रोन वैरिएंट की पहचान के के बाद गुरुवार को सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। नए मामलों की संख्या में एक बड़ा उछाल देखने को मिला है। इससे पहले बुधवार को 74 हजार 692 कोरोना के मामले सामने आए थे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पिछले 24 घंटों में रूस में कोरोना संक्रमण से 665 लोगों की मौत हुई है। आपको बता दें कि गुरुवार को कई देशों में कोरोना के रिकाड तोड़ मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले 24 घंटों में दक्षिण कोरिया में रिकाड तोड़ 14 हजार 518 नए मामले दर्ज किए है।

### इमरान सरकार के खिलाफ हमलावर हुई विरोधी पार्टियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की इस्लामी राजनीतिक पार्टी जमात–ए–इस्लामी (जेआई) ने घोषणा की है कि वह देश में चीजों की बढ़ती कीमतों और महंगाई के चलते मार्च में इस्लामाबाद में लंबा मार्च करेगी। पाकिस्तान के अखबार डान ने बताया कि जेआई के महासचिव अमीरुल अजीम ने कहा कि पार्टी ने 6 फरवरी से तहसील, जिला और प्रांतीय स्तर पर सरकार विरोधी लंबी रैली निकालने का फैसला किया है। यह विरोध प्रदर्शन मार्च महीने में राजधानी शहर इस्लामाबाद में खत्म होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने विरोध अभियान की योजना पहले ही बना ली है। इसके दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में 101 धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह घोषणा विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के एक दिन बाद हुई है, जिसने घोषणा की थी कि वह 23 मार्च को पाकिस्तान दिवस के अवसर पर इस्लामाबाद में महंगाई के विरोधी में लंबा मार्च आयोजित करेगा।

# अमेरिका ने भरी हुंकार, यूक्रेन भेजी हर मिसाइल पर लिखा पुतिन का नाम

चेतावनी

## इससे पहले जो बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति पर निजी प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। यूक्रेन और रूस में जंग के बढ़ते खतरे के बीच अमेरिका ने कीव को सैंकड़ों की तादाद में जेवलिन और स्टिंगर मिसाइलें सौंपी हैं। इन सभी अमेरिकी मिसाइलों पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का नाम छपा हुआ है। अमेरिका ने ये मिसाइलें ऐसे समय पर भेजी हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति पर निजी प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। यही नहीं बाइडन ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर रूस ने अगर यूक्रेन पर हमला किया तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि अमेरिकी सैनिक बाइडन के गृह राज्य डेलावर से मिसाइलें यूक्रेन के लिए रवाना कर रहे हैं। अमेरिका पहले ही 60 करोड़ डॉलर के हथियार यूक्रेन को दे चुका है। रूस को जोरदार जवाब देने के लिए अमेरिका यूक्रेन को एयर डिफेंस सिस्टम भी



देने जा रहा है। बाइडन ने ऐलान किया है कि संकट की इस घड़ी में अमेरिका के यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

**300 एंटी टैंक जेवलिन मिसाइलों को यूक्रेन भेजा:** दरअसल, रूस और यूक्रेन में युद्ध के बढ़ते खतरे को देखते हुए अमेरिका पूरी तरह से ऐक्शन में आ गया है। अमेरिका ने मंगलवार को 300 एंटी टैंक जेवलिन मिसाइलों को यूक्रेन भेजा है। ये मिसाइलें मैन पोर्टेबल हैं, जिन्हें यूक्रेनी सैनिक कंधों पर रखकर फायर कर सकते हैं। जेवलिन मिसाइलों को आर्मर्ड व्हीकल, टैंक और बंकरों को उड़ाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। युद्ध की स्थिति में ये मिसाइलें रूसी सेना के लिए बड़ी परेशानी पैदा कर सकती हैं। हालांकि, रूस ने अपनी टैंकों पर एक्सप्लोसिव रिएक्टिव आर्मर लगाए हुए हैं, जो दुश्मनों की मिसाइलों को नाकाम बना देते हैं।

**अमेरिकी दूतावास ने ट्वीट कर दी जानकारी:** यूक्रेन स्थित अमेरिकी दूतावास ने ट्वीट कर बताया कि आज रात राष्ट्रपति जो बाइडेन से स्वीकृत 200 मिलियन डॉलर की तीसरी खेप कीव पहुंच गई है। हम यूक्रेन को हर संभव सहायता करना जारी रखेंगे। तीसरी खेप में 300 जेवलिन मिसाइलों समेत 70 टन की सैन्य सहायता सामग्री शामिल हैं। इन 300 जेवलिन मिसाइलों की कीमत 50 मिलियन डॉलर बताई जा रही है। इस शिपमेंट में ग्रेनेड लॉन्चर, साथ ही गोला–बारूद और दूसरे हथियार शामिल हैं। कई यूरोपीय देश पहले ही यूक्रेन को भारी मात्रा में हथियार दे चुके हैं।

**अमेरिका में बनी हुई मिसाइल है जेवलिन:** जेवलिन अमेरिका में बनी हुई एंटी टैंक मिसाइल है। यह मिसाइल अपने लक्ष्य को साधने के लिए इंफ्रारेड तकनीक का इस्तेमाल करती है। इस मिसाइल को टैंकों के खिलाफ सबसे अधिक प्रभावी माना जाता है। जेवलिन मिसाइल का इस्तेमाल बिल्डिंगों और दुश्मन के अड्डों को उड़ाने के लिए भी किया जाता है। जेवलिन के अलावा यूक्रेन को अमेरिकी स्ट्रिंगर मिसाइलें भी दी गई हैं।

## पाकिस्तान में कोविड मामलों की संख्या 90 हजार का आंकड़ा पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में ओमिक्रोन वैरिएंट के प्रसार के बीच सक्रिय कोविड मामलों की संख्या 90 हजार का आंकड़ा पार कर गई है। यह जानकारी गुरुवार को पाकिस्तानी मीडिया ने नेशनल कमांड एंड आपरेशन सेंटर का हवाला देते हुए दी। जियो टीवी ने बताया कि एनसीओसी के आंकड़ों से पता चलता है कि पाकिस्तान में पिछले कुछ दिनों के दौरान दैनिक मामलों की संख्या में मामूली गिरावट के बावजूद लगातार आठवें दिन देश में कोरोना वायरस का पाजिटिविटी रेट अभी भी 10 प्रतिशत से अधिक है। इसके साथ ही एनसीओसी द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार देशभर में 63 हजार 272 टेस्ट करने के बाद रातोंरात 7 हजार 539 नए कोरोना के मामले सामने आए हैं। रातोंरात मामलों के साथ देश का पाजिटिविटी रेट 11.91 हो गया है। वहीं, नए मामले सामने आने के बाद देश में कुल मामलों की संख्या बढ़कर 13.93 लाख हो गई है। इस बीच 25 लोगों ने देश में कोरोना संक्रमण से दम तोड़ दिया। रातोंरात मामलों से देश भर में मरने वालों की कुल संख्या 29 हजार 162 हो गई है। वहीं, पाकिस्तान में सक्रिय मामलों की संख्या 91 हजार 854 है। गुरुवार को 1 हजार 240 मरीजों को पाकिस्तान में क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा गया है।



## भारत के वज्र और पिनाका से घबराया पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत की K–9 वज्र तोप और पिनाका रॉकेट लॉन्चर से घबराए पाकिस्तान ने चीन से नई होवित्जर तोप और मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर खरीदा है। चीन की यह तोप टैंक की चेसिस पर बनाई गई है जिससे यह तेजी से हमला करने में सक्षम है। चीन की कंपनी नोरिन्को ने पाकिस्तान को AR-1 300 एमएम मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर दिया है ताकि बाजवा की सेना भारत के पिनाका रॉकेट का जवाब दे सके। पाकिस्तान को इन हथियारों का पहला बैच मिल भी गया है। चीन और पाकिस्तान के बीच यह पूरा सौदा 51 करोड़ डॉलर का है। चीन ने पाकिस्तान को परमाणु ताकत बनने में भी 1990 के दशक में मदद की थी।

# अब अंतरिक्ष में एलन मस्क को टक्कर देने जा रहा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। चीन ने अंतरिक्ष में अब दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क को सीधी टक्कर देने की तैयारी शुरू कर दी है। एलन मस्क के 42 हजार सैटलाइट के जवाब में चीन 13 हजर सैटलाइट को लॉन्च करने जा रहा है। इसकी मदद से चीन शक्तिशाली 5जी इंटरनेट सेवा को देगा। चीन इन सभी सैटलाइटों को धरती की निचली कक्षा में तैनात करेगा। चीन के इस महाप्लान से दुनिया को जासूसी का डर एक बार फिर से सताने लगा है। डेलीमेल की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के इस प्लान का उद्देश्य 5जी सेवा को गति देना है। इन

**दुनिया को जासूसी का डर एक बार फिर से सताने लगा है**

सैटलाइट को बनाने का काम चोंगकिंग शहर में किया जा रहा है। चीन इस योजना को अभी किस तरह से आगे बढ़ाएगा, इसका विवरण नहीं मिला है लेकिन माना जा रहा है कि ग्रामीण इलाकों में इससे इंटरनेट सेवा दी जाएगी। खबरों के मुताबिक दुनियाभर में फ्रिक्वेंसी पर कब्जे को लेकर होड़ मची है, वहीं चीन ने इस पर चिंता जताई है।

**जासूसी के लिए इस्तेमाल हो सकते हैं सैटलाइट:** बताया जा रहा है कि चीन सरकार इसे शीर्ष प्राथमिकता दे रही है और इस हाई स्पीड इंटरनेट सेवा को पूरी दुनिया में दिया जाएगा। कोरोना और कई अन्य मुद्दों को लेकर इस समय चीन का पश्चिमी देशों के साथ तनाव चल रहा है। ऐसे में डर सताने लगा है कि इन चीनी सैटलाइट का इस्तेमाल अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की जासूसी करने के लिए किया जा सकता है।

बता दें कि मंगल ग्रह पर शहर बसाने का सपना देख रहे स्पेसएक्स कंपनी के मालिक एलन मस्क पूरे अंतरिक्ष को अपने स्टारलिंक उपग्रहों से पाटने में जुट गए हैं। मस्क की कंपनी ने अब तक 2000 उपग्रह अंतरक्षि में छोड़े हैं। एलन मस्क की योजना कुल 42 हजार उपग्रहों को अंतरिक्ष में छोड़ने की है।

## अंतरिक्ष में रहस्यमय ऑब्जेक्ट से आ रहे रेडियो सिग्नल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। धरती से 4000 प्रकाशवर्ष की दूरी पर अंतरिक्ष में स्थित एक रहस्यमय ऑब्जेक्ट से रेडियो सिगनल आ रहे हैं। ये रेडियो सिग्नल प्रत्येक 18 मिनट पर आ रहे हैं जिससे वैज्ञानिक हैरान हैं। ये ऐसे रेडियो सिग्नल हैं जिसे अब तक वैज्ञानिकों ने कभी नहीं देखा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह न्यूट्रान स्टार हो सकता है या फिर एक सफेद तारे का अवशेष हो सकता है जिसका चुंबकीय क्षेत्र बहुत ज्यादा शक्तिशाली है या फिर इससे कुछ पूरी तरह से अलग चीज हो सकती है। इस स्पेस ऑब्जेक्ट को सबसे पहले साल 2018 में मार्च महीने में देखा गया था। यह प्रत्येक एक घंटे में एक बार रेडियो सिग्नल छोड़ रहा है। जब यह रेडियो सिग्नल छोड़ता है, उस समय यह धरती से आसानी से देखे जाने वाला सबसे चमकीला रेडियो तरंग हो जाता है। यह एक तरह से खगोलीय लाइट हाउस की तरह से दिखाई देता है। वैज्ञानिकों की जांच में पता चला है कि यह बड़ी मात्रा में ऊर्जा को छोड़ रहा है।